समाचार

# वार्डो में सेनेटाईजेशन करने वाहन को रवाना किया महापौर ने

## (आयुक्त श्री राहुल देव, अपर आयुक्त श्री अशोक शर्मा की उपस्थिति में महापौर श्री राजकिशोर प्रसाद ने फीता काटकर वाहन को रवानगी दी, अब निगम के 05 एवं समाजसेवियों के 04 वाहन निगम के सभी क्षेत्रों को करेंगे सेनेटाईज)




कोरबा 08 अप्रैल 2020 – महापौर श्री राजकिशोर प्रसाद ने आज आयुक्त श्री राहुल देव एवं अपर आयुक्त श्री अशोक शर्मा की उपस्थिति में नोवल कोरोना वायरस के संक्रमण से बचाव व नियंत्रण हेतु निगम क्षेत्र के दूरदराज के वार्डो तक सेनेटाईज का कार्य त्वरित रूप से कराए जाने के मद्देनजर संसाधनो में वृद्धि करते हुए एक और वाहन को हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया, यह वाहन कमल ट्रेडिंग कोरबा द्वारा उपलब्ध कराया गया है, अभी तक निगम के फायर ब्रिगेड सहित 05 वाहन, एक मोबाईल यूनिट तथा समाजसेवियों के 03 वाहन सेनेटाईज का काम कर रहे थे, अब एक वाहन की वृद्धि हो गई है। इस अवसर पर पार्षद अनुज जायसवाल एवं प्रदीप राय जायसवाल भी उपस्थित थे।

नोवल कोरोना वायरस के संक्रमण से बचाव व नियंत्रण हेतु नगर पालिक निगम कोरबा द्वारा किए जा रहे विभिन्न महत्वपूर्ण कार्यो के साथ ही कोरबा क्षेत्र के साथ–साथ निगम क्षेत्र के समस्त वार्डो में सेनेटाईजेशन का कार्य कराया जा रहा है। महापौर श्री राजकिशोर प्रसाद के मार्गदर्शन एवं आयुक्त श्री राहुल देव के दिशा निर्देशन में अभी तक कोरबा शहर के सभी प्रमुख स्थानों, अधिकांश वार्डो, शासकीय कार्यालयों, रेलवे स्टेशन, बस स्टैण्ड, कालोनियों, रहवासी व व्यवसायिक क्षेत्रों, सब्जी बाजारों, छात्रावासों, अस्पतालों, बैंक व अशासकीय कार्यालयों सहित अन्य प्रमुख स्थलों व लाकडाउन की छूट की अवधि में ज्यादा आवागमन वाले क्षेत्रो में सेनेटाईजेशन का कार्य कराया गया है, इस कार्य में फायर ब्रिगेड सहित निगम के 05 वाहन व एक मोबाईल यूनिट के साथ–साथ समाज सेवी लोगों के 03 वाहनो के द्वारा सेनेटाईजेशन का कार्य कराया जा रहा था, अब इसमें 01 वाहन की वृद्धि हो गई है। इस अवसर पर महापौर श्री राजकिशोर प्रसाद ने कहा कि निगम द्वारा युद्ध स्तर पर सेनेटाईजेशन का कार्य कराया जा रहा है, उन्होने अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे सभी वार्डो में पहुंचकर सेनेटाईजेशन का कार्य त्वरित रूप से कराएं। आयुक्त श्री राहुल देव ने बताया कि

निगम अपने सभी संसाधनों के साथ शहर के साथ–साथ दूरदराज के वार्डो तक पहुंचकर सेनेटाईजेशन का कार्य कराया जा रहा है, इस कार्य में स्वयंसेवी संस्थाओं का भी पूरा सहयोग प्राप्त हो रहा है, उन्होने कहा कि सेनेटाईजेशन का कार्य निरंतर जारी रहेगा।